### न्यूज डायरी



## ऑस्ट्रेलिया में महिला ने चाकुओं से गोद कर की बॉयफ्रेंड की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने बॉय फ्रेंड और उसके दोस्त को चाकुओं से गोद कर मौत के घाट उतार दिया। महिला इतने पर ही नहीं रुकी। बॉयफ्रेंड पर चाकुओं से हमला करने के बाद उसने उसके लिंग को काट कर फेंक दिया। ऑस्ट्रेलिया के 7–न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक जैस्मीन एवरले (44) और समीर एस्बेक (59) के बीच 10 सालों से रिश्ता था। जैस्मीन पर आरोप है कि उसने समीर और उसके दोस्त सरकिस अब्बौद (61) की गुरुवार को चाकू मार कर हत्या कर दी। घटना मेलबर्न के ब्रून्सविक की है। एस्बेक की उनके अपार्टमेंट में मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अस्पताल के रास्ते में अब्बौद की जान चली गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को एक ट्रैम से गिरफ्तार किया है। लोगों ने इस बात की सूचना दी थी कि ट्रैम में एक महिला है जिसके शरीर पर खून है और हाथों में जख्म है। असिस्टेंट कमिश्नर मिक फ्रीवेन ने बताया कि उसके शरीर से खून बह रहा था और उसके कपड़ों पर भी खून लगा था।

## पंजाब प्रांतीय सरकार की नई व्यवस्था में पीपीपी की नजर चार मंत्रालयों पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पंजाब प्रांतीय सरकार में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) कम से कम चार मंत्रालयों को हासिल करने में जुट चुकी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, मंत्रालयों में स्थायी समिति की अध्यक्षता, दो संसदीय सचिव और गैर–निर्वाचित सदस्यों के लिए विभागों के अलावा विशेष सहायकों के दो पद शामिल हैं। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में पीपीपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हमजा शहबाज के साथ उनके कार्यालय में बैठक के बाद यह फैसला लिया है। इससे पहले पीपीपी ने यह निर्णय लिया कि वह प्रांतीय व्यवस्था में अधिक प्रतिनिधित्व के लिए जोर देगी, क्योंकि पंजाब के राज्यपाल पद की रेस से पीपीपी पहले ही हट गई थी। पार्टी के मुताबिक, पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल–एन) अब जिसे चाहें उन्हें नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं।

## जापान और ताइवान में तेज भूकंप के झटके, 6 मैग्नीट्यूड से अधिक रही तीव्रता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान और ताइवान में आज भूकंप के तेज झटकों से धरती हिली है। दोनों जगह भूकंप की तीव्रता 6 मैग्नीट्यूड से अधिक दर्ज की गई है। यूरोपियन–मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के अनुसार आज सुबह 11ः53 बजे जापान के योनागुनी से 68 किमी उत्तर पश्चिम में रिक्टर स्केल पर 6.1 की तीव्रता वाला भूकंप आया है। हालांकि दोनों जगह कोई भी नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार ताइवान के तट पर 6.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। भूकंप इतना तेज था कि राजधानी ताइपे में इमारतों को हिलाकर रख दिया गया। स्थानीय टीवी समाचार रिपोर्टों का कहना है कि पूरे द्वीप में झटके महसूस किए गए। हालांकि अभी तक कोई जान माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## रूसी बमों के लिए किसी काल से कम नहीं है यूक्रेन का सबसे छोटा सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। यूक्रेन के सैनिक लगातार रूसी सेना को पीछे धकेलने में लगे हैं। इस युद्ध में वीरता दिखाने वाले सैनिकों को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने सम्मानित किया है। जेलेंस्की ने रविवार को सैनिकों को पुरस्कार दिया। इस दौरान यूक्रेन युद्ध में अपनी भूमिका निभाने वाले सबसे छोटे सैनिक को भी सम्मानित किया गया। ये सैनिक कोई और नहीं बल्कि पेट्रन नाम का एक कुत्ता है। यूक्रेनी भाषा में पेट्रन का मतलब बारूद होता है। पेट्रन को रूसी बमों को खोजने के लिए सम्मानित किया गया है। यूक्रेन के पूर्वोत्तर शहर चेर्निहाइव में रूसी माइन और बमों को सूंघ कर पेट्रन ने पता लगाया है। पेट्रन देश की स्टेट इमरजेंसी सर्विस के लिए काम करता है। जेलेंस्की ने पेट्रन को सम्मानित करते हुए कहा कि इस अब तक 200 से ज्यादा विस्फोटक मिल चुके हैं।

# पुतिन का बड़ा बयान, रूस के लिए खतरा बनना चाहता था नाटो

**विजय दिवस**

### रूस में विक्ट्री डे परेड से दुनिया को ताकत दिखा रहे पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। यूक्रेन में चल रही जोरदार लड़ाई के बीच रूस अपना 77वां विजय दिवस मना रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान हिटलर की सेना के खिलाफ मिली जीत की याद में रूस विजय दिवस मनाता है। अपने भाषण के दौरान पुतिन ने कहा कि नाटो हमारी सीमा पर रूस के लिए खतरा पैदा करना चाहता था। यही नहीं यूक्रेन ने परमाणु हथियारों पर चर्चा शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी ड्यूटी है कि हर वह चीज करें जिससे दुनिया में युद्ध फिर दोबारा न हो। पुतिन ने यूक्रेन की जंग की तुलना सोवियत संघ के द्वितीय विश्वयुद्ध से की।

पुतिन ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन में पूरी तरह से अस्वीकार्य खतरे का सामना कर रहा है। पुतिन ने प्रण किया है कि रूस हिटलर की तरह से यूक्रेन को भी जंग में पराजित



कर देगा। माना जा रहा है कि पुतिन इस विशाल परेड के जरिए रूस के महाविनाशक हथियारों का प्रदर्शन कर दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा रहे हैं। रूस वैसे तो हर साल विक्ट्री डे परेड आयोजित करता है लेकिन इस साल यूक्रेन की जंग को देखते हुए यह बेहद खास मानी जा रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग अब तीसरे महीने में पहुंच गई है। पश्चिमी देशों के हथियारों के दम पर यूक्रेन की सेना रूस को करारा जवाब दे रही है। उधर, जंग में भारी नुकसान के बाद भी पुतिन हार मानने को तैयार नहीं हैं। रूस का इरादा पूरे पूर्वी यूक्रेन पर कब्जा करने का है।

**रूसी जनता में भरी देशभक्ति की भावनाः** पुतिन ने यूक्रेन की जंग से पस्त हो चुकी रूसी जनता के अंदर देशभक्ति की भावना भरने की कोशिश की। खबरों के मुताबिक रूसी के फाइटर जेट मास्को में यूक्रेन जंग में लोकप्रिय हुए ं के आकार को आकाश में बनाएंगे। इस साल पिछले साल की अपेक्षा फाइटर जेट ज्यादा हिस्सा लेंगे और लड़ाकू सैनिक कम रहेंगे। कुल 11 हजार सैनिक, 131 हथियार और 77 फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर परेड में हिस्सा लेंगे।

रूस की इस परेड का नेतृत्व दुनियाभर में चर्चित रहा T–34 टैंक करेगा। इस दौरान आकाश में रूस का महाविनाश का विमान आईएल–80 भी नजर आएगा जो परमाणु हमला होने की स्थिति में पुतिन के लिए अभेद्य कमान में बदल जाता है। इस विमान की मदद से पुतिन न केवल परमाणु हमले से बचे रह सकते हैं, बल्कि दुनिया के किसी भी देश में भीषण परमाणु हमला करने का आदेश भी दे सकते हैं। इसके अलावा रूस का पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट सुखोई–57, Tu–95MS मिसाइल, बॉम्बर और हवा में ईंधन भरने वाले विमान प्रदर्शित किए जाएंगे।

## शाओमी पर हुई ईडी की कार्रवाई से बौखलाया ड्रैगन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की स्वामित्व वाली मोबाइल कंपनी शाओमी पर हुई प्रवर्तन निदेशालय/ईडी की कार्रवाई से चीन बौखलाया हुआ है। चीन ने अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के जरिए भारत पर इसको लेकर निशाना साधने की भी कोशिश की है। दरअसल, ग्लोबल टाइम्स में भारत को शाओमी कंपनी के अधिकारियों द्वारा ईडी पर लगाए गए आरोपों से घेरने की कोशिश की है। इसमें कहा गया है कि भारत को अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए था, इसको रोका जाना चाहिए। बता दें कि साओमी कंपनी ने ईडी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जांच के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। इतना ही नहीं, कंपनी के शीर्ष पदाधिकारी ने कोर्ट में कहा है कि पूछताछ के दौरान उन्हें धमकी तक दी गई। हालांकि, ईडी ने शाओमी कंपनी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जांच एजेंसी का कहना है कि मोबाइल कंपनी ने इस तरह के आरोप बड़ी चतुराई के साथ लगाए हैं। ग्लोबल टाइम्स के रविवार संस्करण में प्रकाशित ओपिनियन में इस पूरे प्रकरण को लेकर भारत को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की गई है।



**अंतरिक्ष से बादलों में लिखा दिखा गो**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। आसमान में तैरते बादलों को देख कर अपनी–अपनी कल्पना के हिसाब से उसमें इंसान तस्वीरें खोजता रहा है। कभी उसे बादलों में जानवर बना दिखता है तो कभी बच्चा। लेकिन सैटेलाइट से ली गई एक तस्वीर में कुछ अलग ही देखने को मिला है। इस तस्वीर में अंग्रेजी के अक्षर देखने को मिले हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या पृथ्वी हमसे कुछ कहना चाहती है? GOES–ईस्ट सैटेलाइट ने अंतरिक्ष से पृथ्वी के मौसम पर नजर रखने के दौरान बादलों में गो लिखा हुआ देखा है। ये तस्वीर 6 मई को खींची गई है। बादलों में GO अक्षर वायुमंडलीय स्थित के कारण बना एक आकार है।

## रूस के खिलाफ यूक्रेन के विरोध का प्रतीक बनी जेलेंस्की की जैकेट हुई नीलाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। यूक्रेन और रूस का युद्ध जारी है। रूस को यूक्रेन की सेना से कड़ी टक्कर मिल रही है। रूस को ज्यादा से ज्यादा नुकसान हो इसके लिए पश्चिमी देश मदद कर रहे हैं। यूक्रेन के लिए पैसा भी अलग–अलग फंडरेजर के जरिए इकट्ठा किया जा रहा है। लंदन में गुरुवार को ऐसे ही एक इवेंट में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की एक जैकेट नीलाम की गई है। ये जैकेट जेलेंस्की ने पहनी थी और इस पर अपने हस्ताक्षर किए थे। 90 हजार यूरो लगभग 85 लाख रुपए में ये जैकेट बिकी है।

यूक्रेन के दूतावास की ओर से

**इस नीलामी में यूक्रेन की पहली महिला के भेजे खिलौने भी थे**

एक ट्वीट में कहा गया, इस आयोजन का लक्ष्य यूक्रेन के बहादुरों की कहानी बताना और बहादुरी के समर्थन में धन जुटाना था। कई महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के बाद रूस ने फरवरी के अंत में यूक्रेन पर हमला कर दिया। इस हमले के बाद से ही एक बड़ा शरणार्थी संकट यूरोप में खड़ा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय के अनुमान के मुताबिक अब तक 3000 से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं।

**7.6 करोड़ रुपए हुए इकट्ठा**

ब्रेव यूक्रेन फंडरेजर में जेलेंस्की की जैकेट के साथ–साथ प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का के दान किए गए खिलौने और दिवंगत फोटोग्राफर मैक्स लेविन की तस्वीरें भी नीलामी के लिए शामिल थीं। इस फंडरेजर कार्यक्रम के जरिए लगभग एक मिलियन डॉलर करीब 7.6 करोड़ रुपए जुटाए। दूतावास की ओर से कहा गया कि ज्यादातर धनराशि पश्चिमी यूक्रेन में स्पेशलाइज्ड चिल्ड्रन मेडिकल सेंटर में फिर से उपकरण लगाने में इस्तेमाल होगा।

कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिए भाषण में ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने युद्ध में जेलेंस्की के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त व्लादिमिर जेलेंस्की से बात की।

## बांग्लादेश ने श्रीलंका को दिए कर्ज की अदायगी की समय सीमा एक वर्ष के लिए बढ़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका मौजूदा समय में श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। आलम ये है कि श्रीलंका मौजूदा समय में विदेशों से लिए गए किसी भी कर्ज को समय से उतारने की स्थिति में नहीं है। यहां के आर्थिक हालात बेहद खराब हो चुके हैं। चीन के कर्ज को चुकाने के लिए ही श्रीलंका को दोबारा उसी से कर्ज लेना पड़ रहा है। इस बीच श्रीलंका ने बांग्लादेश से मिले कर्ज को चुकाने में भी असमर्थता व्यक्त की है। इसके बाद बांग्लादेश ने बड़ा फैसला लेते हुए श्रीलंका को दिए ए 20 करोड़ डालर के कर्ज को चुकाने के लिए एक वर्ष का समय और दे दिया है। डेली मिरर की खबर के मुताबिक बांग्लादेश बैंक डायरेक्टर्स के बीच हुई एक अहम बैठक के बाद रविवार को ये फैसला लिया गया है। सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता सिराजुल इस्लाम ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीलंका को दिए गए कर्ज की अदायगी की समय सीमा को बढ़ा दिया गया है। हालांकि इस दौरान अन्य शर्तों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।